## एक नजर में

### भव्य एकेडमी में कृषि की पढ़ाई शुरू

**जीरापुर 21 मई, सं.** भव्य एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में नवीन सत्र से कृषि से सम्बन्धित पढ़ाई शुरू हो जायेगी. विधालय संचालक विष्णु मंडलोई ने बताया कि कक्षा 10 वीं पास छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा के क्षेत्र में भव्य एकेडमी संस्था नवीन सत्र से आर्ट, साइंस बायो-मैथ्स, कॉमर्स के साथ कक्षा 11 वीं के छात्र-छात्राओं के लिए कृषि एग्रीकल्चर संकाय की भी शुरुआत करने जा रही है, कक्षा 11 वीं में कृषि एग्रीकल्चर विषय करियर के हिसाब से आवश्यक था वैसे भी भारत कृषि प्रधान देश है तथा कृषि के क्षेत्र में अनेकों व्यवसायिक काम, नौकरी के लिए संभावना होती है .जिसमें गवर्नमेंट सेक्टर कृषि अधिकारी, बैंकिंग क्षेत्र,अनुसंधान और शिक्षण इत्यादि, क्रस्ट/क्रस्ट में लाभ, शिक्षक, एग्रो-केमिकल कंपनियाँ, फूड, डेयरी और पोल्ट्री फार्मिंग सहित स्वरोजगार में कृषि के क्षेत्र में शैक्षणिक कार्य से युवक आगे बढ़ सकता है .

### ईद-उल-अजहा की नमाज का समय घोषित

**राजगढ़ 21 मई, का .** इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं . आगामी 10 जिल-हिज्जा 1447 हिजरी यानी गुरुवार, 28 मई को क्षेत्र में ईद-उल-अजहा का त्योहार अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा . त्योहार के मद्देनजर मस्जिदों और ईदगाह में नमाज के समय का एलान कर दिया गया है . शहर काजी नाजिम अली नदवी ने नमाज के समय की आधिकारिक जानकारी साझा करते हुए सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की है . मुख्य ईदगाह पर सुबह 7 बजे, बांसवाली मस्जिद में 7 .15 बजे, दरगाह शरीफ पर सुबह 7 .45 बजे नजाज की जायेगी . नमाज के तुरंत बाद देश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी जाएंगी . शहर काजी नाजिम अली नदवी ने इस मुकद्दस मौके पर कौम और आमजन के नाम एक बेहद महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक संदेश जारी किया है . उन्होंने अपील करते हुए कहा ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण और भाईचारे का त्योहार है . सभी लोग अपने इस त्योहार को पूरी सादगी, अनुशासन और शांतिप्रिय तरीके से मनाएं . त्योहार की खुशियों के बीच इस बात का विशेष ध्यान रखें कि हमारे किसी आचरण से किसी को ठेस न पहुंचे . गंगा-जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए अन्य धर्मों व समाज के सभी वर्गों का पूरा सम्मान करें और आपसी सौहार्द के साथ खुशियां बांटें .

### कथा का महाप्रसादी के साथ विराम

**ब्यावरा 21 मई, का.** समीपस्थ ग्राम ढकोरा के ऐतिहासिक एवं प्राचीन शिव मंदिर परिसर में समस्त ग्रामवासियों के जनसहयोग से भव्य संगीतमय कथा तथा एक कुण्डीय यज्ञ का महाआरती के पश्चात समापन हुआ . इस मौके पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने महाप्रसादी का लाभ लिया . रोजाना रात्रि 8 बजे से 11 बजे संगीतमय कथा हो रही थी जिसमें सुमधुर भजनों और संगीतमय प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूम रहे थे . विशाल भंडारा की महाप्रसादी के आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की .

**कर्मचारियों की आवश्यकता हैं**

हॉस्टल के लिए चौकीदार, खाना बनाने वाली बाई एवं वार्डन की आवश्यकता है . वेतन योग्यता अनुसार . रहना खाना फ्री .
**संपर्क** - के के मेमोरियल पब्लिक स्कूल राजगढ़ **मोबाइल** 9827869751 **बिल 22 मई**

# टक्कर के बाद दो टुकड़ों में बंटा ट्रैक्टर , 8 घायल

## सुसनेर-जीरापुर मार्ग पर हुआ भीषण सड़क हादसा, तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ट्रैक्टर को टक्कर मारी

**दूल्हा सहित 8 लोग घायल**
**गंभीर घायल ट्रैक्टर चालक आगर जिला अस्पताल रेफर**



नवभारत न्यूज

**जीरापुर 21 मई, सं. सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला भीषण सड़क हादसा सामने आया है. सेंदली जोड़ कालीसिंध नदी के पास एक अनियंत्रित और अत्यधिक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने पहले एक बाइक को जोरदार टक्कर मारी और फिर बेकाबू होकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर में इतनी भयानक टक्कर मारी कि ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए और वह दो टुकड़ों में बंट गया. इस भीषण दुर्घटना में दूल्हे सहित कुल 8 लोग घायल हुए हैं.**

पुलिस और चश्मदीदों से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की दोपहर जीरापुर की ओर से आ रही राजस्थान पासिंग कोटा जिला की एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सेंदली जोड़ के पास सबसे पहले एक बाइक को टक्कर मार दी. इस टक्कर के बाद भी स्कॉर्पियो की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह पूरी तरह बेकाबू हो गई और सुसनेर की ओर से आ रहे एक ट्रैक्टर में सामने से जा घुसी. भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि मजबूत ट्रैक्टर बीच से टूटकर दो हिस्सों में तब्दील हो गया. हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई.

बाइक पर सवार पति-पत्नी दोनों घायल हुए हैं. बताया जा रहा है कि बाइक सवार युवक अपनी पत्नी को लेकर ससुराल मोड़ी जा रहा था, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया.

### घायलों में दूल्हा और बाइक सवार दंपति शामिल

घटनास्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, इस दुर्घटना में कुल 8 लोग घायल हुए है जिसमें ट्रैक्टर चालक जसवंत पिता गंगाराम विश्वकर्मा निवासी ग्राम लोमड़ी (सुसनेर), इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ है . उसे तत्काल सुसनेर सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए आगर रेफर कर दिया गया .

### कार में सवार 5 लोग जख्मी

राजस्थान के कोटा जिले की बताई जा रही स्कॉर्पियो कार में सवार 5 लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक दूल्हा भी शामिल है . दुर्घटना की भयावहता को देखते हुए सुसनेर और जीरापुर दोनों थानों के क्षेत्रों से दो-दो 112 एम्बुलेंस और पुलिस बल तुरंत मौके के लिए रवाना हुआ . जीरापुर थाने से एएसआई श्यामलाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक राजेंद्र शर्मा, चालक ओमप्रकाश दांगी और आरक्षक सत्येंद्र सूचना मिलते ही फौरन घटनास्थल पर पहुंचे . हालांकि, पुलिस और एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय नागरिकों की मदद से सभी घायलों को निजी वाहनों के जरिए सुसनेर अस्पताल भिजवाया जा चुका था . पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

### पाथ-वे पर रफ्तार दिखाने वालों को पुलिस ने नापा

**नरसिंहगढ़ 21 मई, सं .** बड़े महादेव छोटा तालाब स्थित पाथ-वे पर तेज रफ्तार से वाहन चलाकर रौब झाड़ने वाले युवाओं पर अब नरसिंहगढ़ पुलिस सख्त नजर आ रही है . लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है . दरअसल नगर पालिका परिषद नरसिंहगढ़ द्वारा महादेव छोटा तालाब क्षेत्र को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से यहां विशेष साज-सज्जा, प्रकाश व्यवस्था कर सुंदर कराया गया है . शाम होते ही बड़ी संख्या में नगरवासी, युवा, महिलाएं और बच्चे यहां घूमने एवं समय बिताने पहुंचते हैं . लेकिन पिछले कुछ समय से कुछ युवक पाथ-वे और उसके आसपास तेज गति से बाइक एवं अन्य वाहन चलाकर लोगों कीउ सुरक्षा को खतरे में डाल रहे थे . कई बार वाहन चालक तेज चलते हुए भी देखे गए, जिससे घूमने आने वाले नागरिकों में भय और नाराजगी का माहौल बन रहा था . नगरवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि महादेव छोटा तालाब का पाथ-वे परिवारों और युवाओं के लिए एक सुंदर एवं शांत वातावरण वाला स्थान है, जहां सुरक्षित माहौल बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है . वहीं नगर पालिका द्वारा किए गए सौंदर्यीकरण कार्यों की भी लोग सराहना कर रहे हैं .



# संयुक्त संचालक ने जिले भर के संकुल प्राचार्य की बैठक ली

## मौके पर ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण

नवभारत न्यूज

**राजगढ 21 मई, का. लोक शिक्षण संस्थान भोपाल संभाग के संयुक्त संचालक अरविंद कुमार चोरगड़े गुरुवार को जिला मुख्यालय उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जिले भर के बीईओ बीआरसी संकुल प्राचार्य के साथ के साथ बैठक आयोजित हुई बैठक में शिकायतकर्ताओं को बुलाकर सीएम हेल्पलाइन का मौका पर निराकरण किया.**

इस दौरान सभी संकुल प्राचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि 2 दिन के अंदर निशुल्क साइकिल एवं निशुल्क पुस्तक वितरण, असफल छात्रवृत्ति, सीएम हेल्पलाइन सहित शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की बैठक ली. दो दिनों में इसको निराकरण करने के निर्देश दिए. अगले सप्ताह तक निराकरण नहीं हुआ तो कार्रवाई होगी. इस दौरान संयुक्त संचालक ने कहा कि छात्रों को छात्रवृत्ति पेमेंट नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की. बच्चों को छात्रवृत्ति नहीं मिलना यह आपके लिए बड़ी लापरवाही है एक सप्ताह के अंदर निराकरण नहीं हुआ तो अगले एक सप्ताह बाद आप कार्रवाई के लिए तैयार रहें. इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी करण सिंह भिलाला सहित जिले भर के बीईओ बीआरसी और संकुल प्राचार्य मौजूद थे.

# शराब दुकान पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

## एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने पर बना केस



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 21 मई, सं. आबकारी कमिश्नर द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा गतिविधियों और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. वरिष्ठ अधिकारियों से मिले कड़े दिशा-निर्देशों के बाद सारंगपुर क्षेत्र आबकारी विभाग की टीम ने क्षेत्र की लाइसेंसी मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया.**

इस कार्रवाई के दौरान आबकारी वृत्त प्रभारी सारंगपुर सौरभ कनासे ने मऊ स्थित कंपोजिट मदिरा दुकान का अचानक मुआयना किया. जिसके लाइसेंसी अर्पण हैं. जांच के दौरान दुकान पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं. आबकारी वृत्त प्रभारी श्री कनासे ने बताया कि पिछले कुछ समय से मऊ स्थित इस कंपोजिट मदिरा दुकान के खिलाफ आबकारी विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं.

इस गंभीर शिकायत को संज्ञान में लेते हुए आबकारी टीम ने मौके पर औचक जांच की. जांच के दौरान ओवररेटिंग (तय कीमत से ज्यादा वसूलना) की शिकायत पूरी तरह सही पाई गई. इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दुकान के खिलाफ एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा विक्रय करने का विभागीय प्रकरण (केस) कायम किया गया है.

### लाइसेंसी को जारी हुए सख्त निर्देश

कार्रवाई के साथ ही वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे ने लाइसेंसी को सख्त लहजे में हिदायत दी है कि मदिरा दुकानों का संचालन आबकारी अधिनियम 1915 एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियमों और सर्कुलर के दायरे में ही किया जाए. उन्होंने दुकान संचालक को निर्देश दिये कि कीमतों पर नियंत्रण मदिरा की बिक्री अनिवार्य रूप से तय एमएसपी (न्यूनतम मूल्य) और एमआरपी (अधिकतम मूल्य) के भीतर ही होनी चाहिए. 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी नाबालिग को मदिरा का विक्रय नहीं करे. मदिरा दुकान के आसपास किसी भी व्यक्ति को मदिरापान न करने दिया जाए.

> नियमों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी . यदि भविष्य में दोबारा नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो लाइसेंस निरस्त करने जैसी और भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी .
> **सौरभ कनासे, वृत्त प्रभारी, आबकारी विभाग सारंगपुर**

### एक्सीलेंस राजगढ़ के छात्र का एमपीईबी में चयन

**राजगढ़ 21 मई, का .** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ के छात्र धर्मेंद्र सोलंकी का चयन मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड में सहायक ग्रेड-3 पद पर होने पर महाविद्यालय में खुशी है . साधारण पारिवारिक से आने वाले श्री सोलंकी ने निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ यह उपलब्धि प्राप्त की . विद्यार्थी ने महाविद्यालय के संसाधनों का उपयोग एवं सतत संपर्क बनाए रखते हुए अंततः सफलता हासिल की .

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर प्राचीन बावड़ी साफ

## जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



नवभारत न्यूज

**पचोर 21 मई ,का.** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा श्रम अभियान के अंतर्गत प्राचीन बावड़ी की सफाई कर जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. अनेक इंका कार्यकर्ताओं ने बावड़ी में जमा गंदगी को साफ किया.

इंका कार्यकर्ताओं ने आज राजीव गांधी की पुण्यतिथि को सेवा श्रम अभियान के रूप में मनाते हुए पचोर नगर के खटीक मोहल्ले के बगीची मंदिर में स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई एवं श्रमदान किया.

इंका नेताओं ने कहा कि स्वच्छ जल, जल एवं पर्यावरण संरक्षण कागज़ों तक सीमित न रहते हुए धरातल पर आए. इस उद्देश्य से हमने पुरानी पीढ़ी धरोहर को बचाने और आने वाली पीढ़ी के लिये अपना योगदान देने के लिये यह कार्य किया है. इस अवसर पर सेवादल जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अजजा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भिलाला, जिला सचिव मुकेश मेघवाल, सेवादल जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, महेश मालवीय, ब्लॉक अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीयए विजय मालवीय, शहर अध्यक्ष अमित बंसल, पार्षद प्रतिनिधि एवं व्यवस्थापक अमन मुंदेरिया, शुभम शर्मा, गिरिराज रजक, अभिषेक जाट, सुनील राजपूत, हेमन्त शर्मा, आकाश कुशवाह, जय परिहार, शुभम सेन, रवि कुशवाह, सोनू वर्मा, दीपक कुशवाह, सेवादल नगर अध्यक्ष सुनील कुमार नागर, प्रणय यादव विशेष रूप से मौजूद थे.

# पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 मई, का.** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उन्हें आधुनिक भारत का दूरदर्शी नेता बताते हुए देश के प्रति उनके योगदान को याद किया. कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर सूत की माला और पुष्प अर्पित कर की गई. उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया.

सभा में नेताओं ने बताया कि राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा था. इसी सोच के साथ उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और कंप्यूटर क्रांति की नींव रखी. उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देकर लोकतंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की. राजीव गांधी ने पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत कर गांव स्तर तक विकास और अधिकार पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया.

### चंदन चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़ 21 मई, का .** शहर में डीएफओ, एसडीएम सहित सरकारी आवासों से चंदन के पेड़ चोरी होने के चर्चित मामले में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है . आरोपी दिन के समय सरकारी बंगलों और आवासों की रेकी करते थे, फिर रात में मोटरसाइकिल से पहुंचकर चंदन के पेड़ काटकर चोरी कर ले जाते थे . गिरफ्तार आरोपियों में शाकिर अली पिता मुकीम अली एवं मुबारिक पिता रमजानी खां निवासी चतुरूखेड़ी, सारंगपुर शामिल हैं .

# सद्गुरु आश्रम पर मंगल कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ



नवभारत न्यूज

**तलेन 21 मई, सं. नगर के सदगुरु आश्रम पर गुरुवार को मंगल कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय पंचकुंडीय महायज्ञ प्रारंभ हुआ. कलश यात्रा बैंड बाजे के साथ मनकामेश्वर महादेव मंदिर शिवालय से प्रारंभ हुई जोकि नगर के प्रमुख मार्गो से होती सद्गुरु आश्रम पहुंची. इस मंगल कलश यात्रा का नगर में जगह जगह नगरवासियों द्वारा स्वागत किया गया.**

सदगुरु आश्रम पर यज्ञाचार्य दुर्गा प्रसाद शर्मा व अन्य यज्ञाचार्य ने विधि विधान के साथ यज्ञ प्रारम्भ करवाया गया. गुरुवार को प्रारंभ हुआ यह पंच दिवसीय पंच कुंडी महायज्ञ का समापन 25 मई सोमवार को होगा.

इस पंचकुंडीय महायज्ञ के साथ रात्रि में कथा वाचक श्री दामोदर जी के मुखारविंद से होने वाली राम कथा का अभी आयोजन किया जा रहा है जो प्रतिदिन रात्रि 8 बजे प्रारंभ होगी.

# ब्यावरा में गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 21 मई, का.** पुरुषोत्तम मास में होने वाले गंगा दशहरा महोत्सव को इस साल भव्य स्वरूप देने की तैयारियां शुरू हो गई हैं. बुधवार रात गंगा मंदिर परिसर में एक विशेष बैठक हुई, जिसमें नगर के धर्मप्रेमी नागरिकों, समाजसेवियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इस बैठक में उत्सव को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने की रूपरेखा तय की गई. गंगा मंदिर सेवा परिवार प्रमुख डॉ. मुकेश मारू ने बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि मां गंगा का यह पावन उत्सव 25 मई, सोमवार को पूरे धार्मिक वातावरण और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाएगा. इस आयोजन का मुख्य आकर्षण नगर में निकलने वाली विशाल पालकी यात्रा होगी. शाम 6 बजे मां गंगा की भव्य पालकी यात्रा गंगा मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगी. इस यात्रा में भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़े, जयघोष और पुष्पवर्षा के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे.

**पुण्यतिथि** ▶ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

# महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दामों को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 21 मई, सं. देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर सारंगपुर ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्थानीय बस स्टैंड स्थित उनकी प्रतिमा पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान को याद किया.**

इस अवसर पर आयोजित सभा में कांग्रेस नेताओं ने जहां पूर्व प्रधानमंत्री के आधुनिक भारत के दृष्टिकोण की सराहना की. वहीं दूसरी ओर बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा निशाना भी साधा.



**सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज के जनक थे राजीव गांधी** श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने राजीव गांधी के राजनीतिक और सामाजिक योगदान को रेखांकित किया. उन्होंने सत्ता के विकेंद्रीकरण के लिए पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**युवाओं को 18 वर्ष में मतदान का अधिकार और शिक्षा नीति** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता मोहम्मद अली ने राजीव गांधी की दूरदर्शी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश के युवाओं पर भरोसा जताया और मतदान की आयु सीमा को घटाकर 21 से 18 वर्ष किया, जिससे युवाओं को देश की राजनीति में भागीदारी का अधिकार मिला.

वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप सादानी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राजीव गांधी एक महान दूरदर्शी जननेता थे. जिन्होंने अखंड भारत के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया.

शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने राजीव गांधी की कार्यशैली, सरलता और युवाओं के प्रति उनकी सोच को आज के समय में बेहद प्रेरणादायक बताया. उन्होंने कहा कि आज आम जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और पेट्रोल-डीजल के बेतहाशा बढ़ते दामों से त्रस्त है. लेकिन केंद्र की सरकार जनता से जुड़े इन बुनियादी मुद्दों पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है.

इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अली, प्रदीप सादानी सहित शफीक अंसारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया, बाबू पटेल, शेख मुशर्रफ, मोहन पाल, लखन धनगर, कैलाश ठाकुर, मुस्ताक अंसारी, राधेश्याम वर्मा, लक्ष्मीनारायण राठौर, महेश सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### सद्भावना पूर्वक मनाई पुण्यतिथि

**सुठालिया 21 मई, सं .** देश की एकता अखंडता व संप्रभुता के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले देश के पहले युवा प्रधानमंत्री स्व . राजीव गांधी की पुण्यतिथि सदभावना पूर्वक मनाई गई . गुरुवार को स्थानीय महाराजा गार्डन में ब्लॉक कांग्रेस श्री गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए . कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने श्री राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया . इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धीरप सिंह सौंधिया वरिष्ठ इंका नेता पं . उमेश मिश्रा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन लोधी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन सिलावट, मंडलम अध्यक्ष पर्वतसिंह खनोटा, राधेश्याम लोधी, पार्षद दुल्लाशाह मालवीय, डॉ अजीज कुरैशी, भगवान सिंह सौंधिया, धीरप सौंधिया सलेहपुर, अखिलेश पालीवाल, कैलाश मेहर, पिंकु विश्वकर्मा, डॉ बैनी सेन, कैलाश लोधी, रघुवीर खंदी आदि उपस्थित थे .

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**

**B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27**
**प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)**

**ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक**

**दस्तावेजों का सत्यापन** 04/05/26 से 15/05/26
**सीट आवंटन** 20/05/26
निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य **20/05/26 से 26/05/26** तक

**महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26**

**नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.**

**विशेष** जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

**योग्यता** - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

**आवश्यक दस्तावेज-**
10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ऑरिजनल टीसी, माईग्रेसन, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

**संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337**

**04 मई से -04 जून 2026**